
# संख्या पद्धति
# (Number System)

सिद्धांत




## सम्मिश्र संख्याएँ (Complex Number) (z)

Z = वास्तविक संख्या + काल्पनिक संख्या

$$Z = a + ib$$

जहाँ a = वास्तविक संख्या

b = काल्पनिक संख्या

## वास्तविक संख्याएँ

परिमेय एवं अपरिमेय संख्याओं को सम्मिलित रूप से वास्तविक संख्या कहते हैं। इन्हें संख्या रेखा पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

काल्पनिक संख्याएँ : जिन्हें संख्या रेखा पर प्रदर्शित नहीं किया जा सकता हैं।

पूर्णांक संख्याएँ : संख्याओं का ऐसा समुच्चय जिसमें पूर्ण संख्याओं के साथ-साथ

# वैदिक विधि से वर्ग, घन एवं वर्गमूल,घनमूल

**सिद्धांत**

**सूत्र निखिलम विधि –** सूत्र निखिलम का अर्थ हैं की "अंतिम अंक 10 में से और बचे अंक 9 में से" प्रस्तुत करने की पद्धति निखिलम विधि कहलाती हैं। क्योंकि भारतीय गणित में अंक 9 को परम अंक अथवा ब्रह्म अंक मानते हैं तथा 10 को पूर्ण संख्या कहते हैं परन्तु यहाँ पर सूत्र का संकेत व्यवकलन संक्रिया से हैं। विनकुलन, व्यवकलन, गुणन, वर्ग, घनफल, भाग संबंधी अनेक अनुप्रयोग इस सूत्र पर ही आधारित होते हैं।

**वर्ग संक्रिया – (सूत्र निखिलम आधार – उपाधार)**

सूत्र निखिलम आधार – उपाधार आधारित विधियों द्वारा दो संख्याओ का गुणन आसानी से कर सकते हैं जब संख्याएँ परस्पर समान हो तो संख्याओ का गुणन वर्ग संक्रिया कहलाती हैं।

- जब दो संख्याएँ आधार = 10 या 100 या 10 की किसी घात के निकट होती हैं तो उनका गुणनफल सूत्र निखिलम् – आधार द्वारा बड़ी सरलता से ज्ञात किया जा सकता है।
- किसी प्रश्न में विचलन इतने बड़े प्राप्त हो जाते हैं कि उनका गुणा करना ही कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में उपाधार की संकल्पना की जाती है।
- उपाधार अंक का गुणनफल के बांये पक्ष से गुणा किया जाता है। दाहिना पक्ष पूर्व समान रहता है।

अतः हम निखिलम विधि द्वारा हम वर्ग ज्ञात कर सकते हैं।

**आधार विधि सूत्र –** $(\text{संख्या})^2$ = (संख्या + विचलन) / $(\text{विचलन})^2$

**उपाधार विधि सूत्र –** $(\text{संख्या})^2$ = उपाधार अंक (संख्या+विचलन ) / $(\text{विचलन})^2$

**Q.1** **$(18)^2$**

**हल –** आधार = 10, विचलन = 8

$(18 + 8) / (8)^2$

26/64

आधार 10 है इसलिए 1 अंक आयेगा तथा दहाई का अंक अगली संख्या में जुड़ेगा।

$\Rightarrow$ 26 +6/4 $\Rightarrow$ 32/4 = 324

**Q.2** **$(97)^2$**

**हल –** आधार = 100, विचलन = 3

$[97 + (-3)] / (-3)^2$

= 94 / $\underline{09}$

= 9409

**Q.3** **$(106)^2$**

**हल –** आधार = 100, विचलन = 6

$(106 + 6) / (06)^2$

112 / $\underline{36}$ आधार = 100 है इसलिए दोनों अंक आयेंगे

11236

**Q.4** **$(38)^2$**

**हल –** उपाधार = 40, विचलन = 2

$[38 + (-2)] / (-2)^2$

= 4 × 36 / 4

= 144 / 4 = 1444

**Q.5** **$(76)^2$**

**हल –** उपाधार = 70, विचलन = 6

$(76 + 6) / (6)^2$

= 7 × 82 / 36

= 574 / 36

= 57(4+3)6

= 5776

**Q.6** **$(147)^2$**

**हल –** उपाधार = 150, विचलन = –3

$[147 + (-3)] / (-3)^2$

= 15 × 144 / 09

= 2160 / 9

= 21609

Toppersnotes Unleash the topper in you

## घन संक्रिया (सूत्र निखिलम आधार – उपाधार)

**सूत्र निखिलम** आधार – उपाधार आधारित विधियों द्वारा दो संख्याओ का गुणन आसानी से कर सकते हैं। जब तीन संख्याएँ परस्पर समान हो तो संख्याओ के गुणन की प्रक्रिया घन कहलाती हैं।

**सूत्र निखिलम – आधार**
गुणन संक्रिया के तीन खण्ड होते हैं।
प्रथम खण्ड = कोई एक संख्या + शेष दो संख्याओ के विचलन

**आधार विधि**

सूत्र (घनफल) = संख्या+2 × विचलन / 3 × (विचलन)$^2$ / (विचलन)$^3$
मध्य खण्ड = दो–दो विचलनो के गुणनफलों का योग
तृतीय खण्ड = तीन विचलनो का गुणन

**सूत्र निखिलम – उपाधार**
निखिलम उपाधार विधि में प्रथम खण्ड में (उपाधार अंक)$^2$ का तथा मध्य खण्ड में (उपाधार अंक) का गुणन किया जाता हैं। आधार विधि में यही अन्तर हैं।

## उपाधार विधि

सूत्र = (उपाधार अंक)$^2$ (संख्या + 2 × विचलन ) / उपाधर अंक × 3 × (विचलन)$^2$ / (विचलन)$^3$

**सूत्र निखिलम विधि द्वारा ''घन'' (आधार विधि)**

सूत्र (संख्या)$^3$ = संख्या + 2 × विचलन / 3 × (विचलन)$^2$ / (विचलन)$^3$

**Q.1 $(12)^3$**

**हल –** आधार = 10, विचलन = 2
(12 + 2 × 2) / 3 × 4 / 8
= 16 / $\underline{12}$ / $\underline{8}$ = (16 + 1) / 2 / 8
= 1728

**Q.2 $(106)^3$**

**हल –** आधार = 100, विचलन = 6
(106 + 2 × 6) / 3 × 36 / 216
= 118 / $\underline{108}$ / $\underline{216}$ = (118 + 1) / 08 + 2 / 16
= 1191016

**सूत्र (उपाधार विधि) = (उपाधार अंक)$^2$ × (संख्या + 2 × विचलन) / उपाधार अंक × 3 × (विचलन)$^2$ / (विचलन)$^3$**

**Q.3 $(35)^3$**

**हल –** उपाधार 30, विचलन = + 5 उपाधार अंक = 3

(3)$^2$ × (35 + 2 × 5) / 3 × 3 × 25 / 125
= 9 × 45 / 225 / 125
= 405 / 22$\underline{5}$ / 12$\underline{5}$ =(405 + 22) / (5+12) / 5 = 427 / 1$\underline{7}$ / 5
= 42875

**Q.4 $(497)^3$**

**हल –** संख्या = 497, आधार = 100, उपाधार अंक = 5, उपाधार = 500,
विचलन = –3
(497)$^3$ ⟹ (5)$^2$ × (497 + 2 × –3) / 5 × 3 × (–3)$^2$ / (–3)$^3$
= 25 ×491 / 135 / –27
= 12275 / 134 / 100–27
= 12275 / 1$\underline{34}$ / $\underline{73}$ = (12275 + 1) / 34 / 73
= 122763473

**Q.5 $(63)^3$**

उपाधार = 60, उपाधार अंक = 6,
विचलन = +3
= 6$^2$ × (63 + 2 × 3) / 6 × 3 ×3$^2$ / 3$^3$
= 36 × 69 / 162 / 27
= 2484 / 16$\underline{2}$ / 2$\underline{7}$ = (2484 + 16) / 2 + 2 / 7
= 250047

# वर्गमूल

किसी संख्या $x$ को उसी संख्या $x$ से गुना किया जाए तो प्राप्त मान $x^2$. संख्या $x$ की वर्ग संख्या बन जाती हैं। इसे इस तरह से समझा जाये की $x^2 = x \times x$ का ही एक युग्म होता हैं अतः $x^2$ का वर्गमूल $x$ हैं।
वर्गमूल का संकेत √ हैं।

## पूर्ण वर्ग संख्या की पहचान

1. पूर्ण वर्ग संख्या का इकाई का अंक 0,1,4,5,6, तथा 9 होते हैं अर्थात् जिन संख्याओ का अन्तिम अंक 2,3,7 व 8 होता हैं वो पूर्ण वर्ग नहीं होती हैं।
2. पूर्ण वर्ग संख्या में शून्यो की संख्या सम होती हैं तथा शून्यों से पूर्व की संख्या वर्ग संख्या होनी चाहिए अगर शून्यों की संख्या विषम होगी तो वो संख्या एक पूर्ण वर्ग नहीं हो सकती हैं।

## वर्गमूल ज्ञात करने की वैदिक विधि

1. भाग विधि द्वारा
2. द्वन्द विधि द्वारा

## वर्गमूल ज्ञात करने की भाग विधि

**Q.1** पूर्ण वर्ग संख्या 10329796 का वर्गमूल ज्ञात कीजिए।

| | 3214 |
|---|---|
| | 10 32 97 96 |
| 3 | 9 |
| ×3 | 132 |
| 62 | 124 |
| ×2 | 897 |
| 641 | 641 |
| ×1 | 25696 |
| 6424 | 25696 |
| ×4 | × |

**संकेत:**

(i) संख्या में चार जोड़े है अतः वर्गमूल में 4 अंक होंगे।

(ii) प्रथम वर्गमूल अंक = 3

(iii) शेषफल–10 – $3^2$ = 1, उतारा 32 अतः नया भाज्य = 132

(iv) भाजक = 3 का दुगना = 6

(v) 132 के 13 में 6 का भाग 2 बार अतः भागफल अंक 3 के आगे 2 लिखा

(vi) भाजक 6 के आगे भी 2 लिखा
अतः संशोधित भाजक = 62 है

(vii) 132–62 × 2 =132–124= 8 = शेषफल

(viii) नया भाज्य = 897 तथा नया भाजक = 32 का दुगना = 64

(ix) 89 में 64 का भाग 1 बार गया अतः भागफल अंक 32 के आगे 1 लिखा।

(x) भाजक 64 के आगे भी 1 लिखा अतः संशोधित भाजक = 641

(xi) 897 – 641 × 1 = 897 – 641 = 256, उतारा 96

(xii) अतः नया भाज्य = 25696 तथा नया भाजक = 321 का दुगना = 642

(xiii) 2569 में 642 का भाग 4 बार अतः भागफल अंक 321 के आगे 4 लिखा

(xiv) भाजक 642 के आगे भी 4 लिखा
अतः संशोधित भाजक = 6424

(xv) 25696–6424 × 4 = 0, अतः शेषफल = 0
वर्गमूल = भागफल = 3214

## वर्गमूल ज्ञात करने की द्वन्द्वयोग विधि

**उदाहरण 1 – पूर्ण वर्ग संख्या 389376 का वर्गमूल ज्ञात कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 38 | 9 3 7 6 |
| | | 2 5 1 1 |
| | 6 | 24.00 |

(i) संख्या में तीन जोड़े है अतः वर्गमूल में 3 अंक होंगे।

(ii) प्रथम वर्गमूल अंक = 6

(iii) शेषफल = 38–$6^2$ = 2 को 9 से पूर्व लिखा